आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 15.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से प्राकृतिक खेती के माध्यम से सतत् कृषि पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- समाज कल्याण निदेशालय की ओर से स्वास्थ्य निदेशालय और समग्र क्षेत्रीय केंद्र के सहयोग से पूरे द्वीपसमूह में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।
- दूर–संचार विभाग और बी एस एन एल पेंशनरों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी।
- बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से तेईस मई को चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने अंडमान विज्ञान संघ और गुजरात प्राकृतिक खेती विज्ञान विश्वविद्यालय के सहयोग से श्री विजयपुरम में "प्राकृतिक खेती के माध्यम से टिकाऊ कृषि" पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र में एस डब्ल्यू एम के ए डी जी डॉ. ए. वेलमुरुगन मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में मृदा स्वास्थ्य, किसानों की आजीविका और कृषि–पारिस्थितिक संतुलन के लिए प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने "प्राकृतिक खेती में माइक्रोबियल गतिशीलता का उपयोग" विषय पर जानकारी देते हुए पौधों के स्वास्थ्य में मिट्टी के माइक्रोबायोटा की भूमिका के बारे में बताया। गुजरात प्राकृतिक खेती विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सी. के. टिंबाडिया ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों और परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। कार्यशाला में वैज्ञानिकों, किसानों और हितधारकों ने भाग लिया। इसके अलावा कार्यशाला में मिनीकॉय, लक्षद्वीप, के वी के निंबूडेरा और कार निकोबार के प्रतिभागियों ने वर्चुअल रूप से भाग लिया। कार्यशाला में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, विस्तार कर्मियों और किसानों ने द्वीप पारिस्थितिकी प्रणालियों के अनुकूल टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल खेती प्रणालियों पर विचार–विमर्श किया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से स्वास्थ्य निदेशालय और समग्र क्षेत्रीय केंद्र के सहयोग से पूरे द्वीपसमूह में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को समय पर सेवाएं प्रदान करना है।

इन शिविरों का आयोजन विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र कार्ड और विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने में तेजी लाने के लिए किया जा रहा है, जहाँ दिव्यांगजनों का व्यापक स्वास्थ्य मूल्यांकन किया जाएगा। यू डी आई डी की राज्य समन्वयक अम्बिका पॉल ने इस चिकित्सा शिविर के बारे में जानकारी दी। आज और कल सीआरसी ब्रुक्शाबाद, सत्रह मई को जी बी पंत अस्पताल, उन्नीस मई को ज़िला अस्पताल गाराचरमा के अलावा द्वीपों के अन्य स्थानों पर भी शिविर लगाई जाएगी। आम जनता से इन शिविरों का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

होम्योपैथी क्लिनिकल रिसर्च यूनिट ने हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फेरारगंज के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, जिरकाटांग में एक व्यापक फार्मा–कोविजिलेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. नमिता गोपाल ने प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं और अन्य दवा संबंधी चिंताओं की पहचान, आकलन और रोकथाम में फार्मा–कोविजिलेंस की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने होमियोपैथी उपचारों की सतर्क निगरानी प्रतिकूल प्रतिकियाओ को तुरन्त पहचानने और रोगी की सुरक्षा के लिए समय पर रिपोटिंग सुनिश्चित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। डॉ. फरहीन ने संदिग्ध ए डी आर पर प्रबंधन, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और पी एच सी फेरारगंज के चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से किया गया। स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

दूर–संचार विभाग और बी एस एन एल पेंशनरों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत अट्ठाईस मई को सुबह ग्यारह बजे विभाग के संयुक्त सी सी ए कार्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। सभी पेंशनरों से अनुरोध किया गया है कि अपनी शिकायते डाक या ई–मेल के जरिए छब्बीस मई तक दूर–संचार विभाग के संयुक्त सी सी ए कार्यालय में दर्ज कराने को कहा गया हैं। अधिक जानकारी के लिए – 9441912614 पर संपर्क करने के लिए कहा गया है।

<><><><><><><>

आज शाम छह बजे एक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी, जो नागरिक सुरक्षा की नियमित तैयारियों का एक हिस्सा है। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में प्रतिक्रिया देने की क्षमता का मूल्यांकन करना और उसे सुदृढ़ बनाना है। शाम छह बजे पहला सायरन पांच मिनट के लिए बजेगा। इस दौरान सभी से अनुरोध है कि विद्युत उपकरणों को बंद कर, दस मिनट के लिए ब्लैकआउट का पालन करें। शाम छह बजकर दस मिनट पर दूसरा सायरन बजेगा, जिसकी अवधि एक मिनट होगी और यह इस अभ्यास की समाप्ति का संकेत होगा, जिसके बाद सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू की जा सकती हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार होमगार्ड संगठन में होमगार्ड स्वयंसेवक के पांच सौ बयालीस रिक्त पड़े पदों पर भर्ती की जाएगी। पहले चरण में एक सौ उन्यासी पदों पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवार का कम से कम चौंथी पास होना अनिवार्य है। यह नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए स्वैच्छिक आधार पर होगी। उम्मीदवार की आयु पचास वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। होमगार्ड स्वयंसेवकों का नामांकन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार चार जून तक अपने नजदीकी पुलिस थाने में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र और अन्य जानकारी अंडमान निकोबार पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से तेईस मई को श्री विजयपुरम में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह ट्रायल पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के प्रथम अंडर–23 3X3 राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल बारह से चौदह जून तक क्षेत्रीय खेल केंद्र, कोच्चि, में आयोजित किया जाएगा। चयन ट्रायल में एक जनवरी 2002 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग लेने के पात्र हैं। खिलाड़ियों से अपनी प्रविष्टियां तेईस मई तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से राशन कार्ड धारकों के लिए दो महीने यानी मई और जून के लिए राशन अग्रिम रूप से वितरित किया जाएगा।

लाभार्थी एक मई से 30 जून के बीच दो महीने का खाद्यान्न उठा सकते हैं। जो राशन कार्ड धारक मई, के महीने में राशन सामग्री नहीं उठा पाते हैं, वे जून के महीने में भी अपना खाद्यान्न उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय बाईस मई से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय केंद्र में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए विभिन्न च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम –सी बी सी एस सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित करेगा। अधिक जानकारी के लिए, आधिकारिक विश्वविद्यालय लिंक या कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

न्यायमूर्ति श्री भूषण रामकृष्ण गवई ने भारत के बावनवे मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर को अपनी बडी खबर बनाते हुए प्रथम पृष्ट में सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने हर वर्ष तेईस सितम्बर को आयुर्वेद दिवस मनाने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल माई भारत ने युवाओं को सिविल डिफेन्स वॉलांटियर्स के रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित करने के समार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता दी है। अखबार ने टुसनबाद ग्राम पंचायत में पंख एन जी ओ के सहयोग से मातृ दिवस मनाए जाने के समाचार को भी सचित्र प्रकाशित किया हैं। उपराज्यपाल द्वारा क्षेत्रीय अभिलेख सर्वेक्षण समिति का पुनर्गठन करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। सांसद द्वारा बाराटांग पुल की प्रगति का निरीक्षण करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>